# कुलसचिव कार्यालय
## लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ, उ०प्र०

पत्रांक :..................................

दिनांक :..................................

सेवा में

1. **समस्त विभागाध्यक्ष,**
लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ।
2. **समस्त प्राचार्य/प्राचार्या,**
सहयुक्त महाविद्यालय (लखनऊ, हरदोई, लखीमपुर, सीतापुर, रायबरेली),
लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।

महोदय/महोदया,

कृपया राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम के अन्तर्गत लखनऊ विश्वविद्यालय में कार्यक्रम समन्वयक के पद पर नियुक्ति हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। इस पद की अर्हता निम्नलिखित हैः-

1. उसे विश्वविद्यालय या सम्बद्ध कालेज में रीडर/प्रवक्ता चयन वेतनमान, प्रवक्ता वेतनमान/पद पर कार्यरत होना चाहिए।
2. सहयुक्त महाविद्यालयों के प्रधानाचार्य जिन्हें राष्ट्रीय सेवा योजना की पृष्ठभूमि तथा सह आचार्य का दर्जा प्राप्त हो को भी समन्वयक की नियुक्ति के लिए विचार किया जा सकता है।
3. राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत कार्यक्रम अधिकारी के पद पर न्यूनतम तीन वर्ष तक रहे हों।
4. अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण तथा अभिविन्यास अनुसंधान केन्द्र से राष्ट्रीय सेवा योजना पर अभिविन्यास किया होना चाहिए।
5. कार्यकम समन्वयक के चयन के समय उन्हें पचास (50) वर्ष से अधिक आयु का नहीं होना चाहिए।

आवेदन रजिस्टर्ड डाक से कुलसचिव लखनऊ विश्वविद्यालय के पास निश्चित रूप से दिनांक 28.04.2026 तक प्राप्त हो जाना चाहिए। नियत तिथि के पश्चात आवेदन स्वीकार्य नहीं होंगे।

भवदीया,

**(डॉ0 भावना मिश्रा)**
**कुलसचिव**

QA-6502-04 13/04/26

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –**

1. सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–4, उ०प्र० शासन लखनऊ।
2. निजी सचिव कुलपति मा० कुलपति जी के सूचनार्थ।
3. इंचार्ज, वेबसाइड को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि समस्त को ई–मेल के माध्यम से प्रस्तुत करते हुये विश्वविद्यालय की वेबसाइड पर अपलोड करने का कष्ट करें।
4. गार्ड फाइल।

कुलसचिव

Telphone: (O) 0522-2740412 Mobile: 7991200567,Email: registrar@lkouniv.ac.in